भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2542

जिसका उत्तर 4 अगस्त, 2021 को दिया जाना है।

13 श्रावण, 1943 (शक)

मृतकों का आधार पहचान पत्र

2542. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की मृत व्यक्ति के आधार पहचानपत्र को निष्क्रिय करने की कोई प्रक्रिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या है; और

(ग) क्या यूआईडीएआई का विचार मृत व्यक्ति के मृत्यु प्रमाणपत्र को मृतक के आधार पहचानपत्र से जोड़ने का है जिससे आधार संख्या/कार्ड के दुरूपयोग को रोका जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क): जी,नहीं। मृत व्यक्ति के आधार को निष्क्रिय करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ख): जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रार जन्म और मृत्यु के संरक्षक हैं। वर्तमान में, आधार को निष्क्रिय करने के लिए जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रार से मृत व्यक्तियों की आधार संख्या प्राप्त करने की कोई व्यवस्था नहीं है।

(ग): जी, हाँ। भारत के महापंजीयक ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन के मसौदे पर यूआईडीएआई से सुझाव मांगे थे ताकि मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करते समय मृतक व्यक्ति का आधार लिया जा सके।

इसके बाद, जन्म और मृत्यु के रजिस्ट्रार मृतक के आधार नंबर को निष्क्रिय करने के लिए यूआईडीएआई के साथ साझा करेंगे।

****